प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



योगी आदित्यनाथ अंधविश्वास पर नहीं करते "विश्वास" पेज-2

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

अनुशासनहीनता में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष समेत तीन को नोटिस पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 91 | सोमवार 23 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मार्च को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का करेंगे उद्घाटन

(एजेंसी) नोएडा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मार्च को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। इसके मद्देनजर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को नोएडा पहुंचे। मुख्यमंत्री दोपहर में हेलीकॉप्टर से जेवर स्थित हवाई अड्डा पहुंचे और करीब डेढ़ घंटे तक अधिकारियों के साथ बैठक कर उद्घाटन समारोह की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर पुलिस, यमुना प्राधिकरण और जिला प्रशासन ने व्यापक तौर पर तैयारियां की थीं। योगी आदित्यनाथ लखनऊ से हवाई मार्ग से गाजियाबाद के हिंडन हवाई अड्डा पहुंचे, जहां से





वह हेलीकॉप्टर के जरिए जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे। इस बैठक में अधिकारियों ने समारोह की रूपरेखा, सुरक्षा योजना, जनसभा में आने वाले लोगों की संभावित संख्या और बैठने की व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों की जानकारी दी। साथ ही प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा प्रबंधों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री के साथ उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार और विशेष सचिव ईशान प्रताप सिंह भी गौतमबुद्ध नगर पहुंचे। उन्होंने हवाई अड्डा परिसर और जनसभा स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के सभागार में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जनसभा के लिए पार्किंग व्यवस्था का सुव्यवस्थित मानचित्र तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा, अग्नि सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मेघा रूपम, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी राकेश कुमार सिंह, नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) क्रिस्टोफ श्रेलमैन और सीओओ किरण जैन सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## पीएम मोदी ने विश्व जल दिवस पर की पानी बचाने की अपील, कहा-एक-एक बूंद का संरक्षण हमारी जिम्मेदारी



(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर पृथ्वी के भविष्य को आकार देने वाले इस आवश्यक जीवन तत्व के संरक्षण की अपील की। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पानी हमें जीवन देता है और हमारे ग्रह के भविष्य को आकार देता है। विश्व जल दिवस के अवसर पर आइए हम एक-एक बूंद पानी के संरक्षण और उसके जिम्मेदार उपयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह दिन उन लोगों की सराहना करने का भी है जो सतत तरीकों को अपनाते हैं, जागरूकता फैलाते हैं और संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, विश्व जल दिवस का एक प्रमुख उद्देश्य सतत विकास लक्ष्य- छह को हासिल करना है, जिसका उद्देश्य 2030 तक सभी के लिए स्वच्छ पानी और स्वच्छता सुनिश्चित करना है। संयुक्त राष्ट्र ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि 2026 के विश्व जल दिवस अभियान में परिवर्तनकारी और अधिकार आधारित दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया गया है जिसमें महिलाओं को जल संबंधी निर्णयों में समान आवाज, नेतृत्व और अवसर दिए जाने पर जोर दिया गया है।

# कुलदीप वत्स के आवास पर पहुंचे भूपेंद्र हुड्डा

## नाराज विधायक को मनाने की बात पर दिया जवाब

(एजेंसी) झज्जर। हरियाणा की सियासत में जारी हलचल के बीच रविवार को एक अहम राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला। पूर्व मुख्यमंत्री और सीएलपी लीडर भूपेंद्र हुड्डा कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स के आवास पर पहुंचे। उनके इस दौरे ने राजनीतिक गलियारों में चल रही रूठने-मनाने की अटकलों को और तेज कर दिया। हालांकि, हुड्डा ने इन कयासों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि वे किसी नाराजगी को दूर करने नहीं, बल्कि पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि हाल ही में वत्स के भतीजों की शादी हुई थी, जिसमें वे शामिल नहीं हो पाए थे, इसलिए बच्चों को आशीर्वाद देने पहुंचे हैं। गौरतलब है कि इस शादी समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी भी शामिल हुए थे। दरअसल, यह दौरा ऐसे समय पर हुआ है जब विधायक कुलदीप वत्स ने हाल ही में राज्यसभा चुनाव के दौरान कथित क्रॉस वोटिंग को लेकर पार्टी हाईकमान को कार्रवाई की चेतावनी दी थी। इस घटनाक्रम के बाद पार्टी के भीतर असंतोष और गुटबाजी की चर्चाएं तेज हो गई थीं। मीडिया से बातचीत में हुड्डा ने सीधे तौर पर विवाद पर टिप्पणी करने से बचते हुए कहा कि राज्यसभा चुनाव में चार विधायकों की वोट जानबूझकर रद्द की गई। उन्होंने बताया कि क्रॉस वोटिंग के आरोप में संबंधित विधायकों को नोटिस जारी किया जा चुका है। इस मामले में अंतिम निर्णय पार्टी



नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा। वहीं, जब हुड्डा से यह सवाल किया गया कि क्या वे अपने चहेते विधायकों को बचा रहे हैं, तो उन्होंने इस पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और बात को टाल गए। हुड्डा का यह दौरा भले ही निजी बताया जा रहा हो, लेकिन इसके राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस के भीतर चल रही खींचतान और क्रॉस वोटिंग विवाद के बीच यह मुलाकात आने वाले दिनों में पार्टी की रणनीति और एकजुटता पर असर डाल सकती है।

## दिल्ली में आसमान साफ रहने, अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूर्वानुमान

(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार सुबह बादल छाए रहे और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.1 डिग्री कम 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने रविवार को दिन के दौरान आसमान सामान्य रूप से साफ रहने और शाम तथा रात के समय आंशिक रूप से बादल छाए रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। दिल्ली में सुबह 8.30 बजे सापेक्ष आर्द्रता 87 प्रतिशत दर्ज की गई।

# प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार दिवस पर नीतीश कुमार को लिखा पत्र

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर बिहार दिवस के अवसर पर उन्हें और राज्य की जनता को बधाई दी। बिहार को 1912 में तत्कालीन बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग करके 22 मार्च को राज्य बनाया गया था। राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार ने इस तीन पन्नों के पत्र का स्क्रीनशॉट अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया। प्रधानमंत्री ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) अध्यक्ष नीतीश कुमार की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने समाज के सभी वर्गों के कल्याण के प्रति व्यक्तिगत प्रतिबद्धता दिखाई है। मोदी ने लिखा, आपके नेतृत्व में बिहार ने व्यापक परिवर्तन देखा है और मुझे गर्व है कि मेरी सरकार को राज्य के विकास को गति देने में योगदान करने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री ने अपने पत्र की शुरुआत मुख्यमंत्री और राज्य के मेरे भाइयों और बहनों को बिहार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए की। उन्होंने बिहार के समृद्ध इतिहास का उल्लेख करते हुए गौतम बुद्ध द्वारा स्थापित नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों तथा चंद्रगुप्त मौर्य और उनके गुरु चाणक्य की ष्कूटनीति और शासन-कौशलष की विरासत का जिक्र किया, जो आज भी भारत का मार्गदर्शन करती है। मोदी ने चम्पारण सत्याग्रह का भी उल्लेख किया, जिसकी शुरुआत महात्मा गांधी ने की थी। उन्होंने संविधान सभा के अध्यक्ष रहे सच्चिदानंद सिन्हा, स्वतंत्र भारत के पहले राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद और दलित नेता जगजीवन राम जैसे महान



व्यक्तित्वों का भी जिक्र किया। उन्होंने जयप्रकाश नारायण के आंदोलन का भी उल्लेख किया, जिसने आपातकाल के खिलाफ संघर्ष की दिशा तय की थी। मोदी ने कहा, हाल ही में राजग सरकार को कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का अवसर मिला, जिसकी सभी ने सराहना की है।

# पीएम मोदी ने रचा इतिहास

## सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने का बनाया रिकॉर्ड, सिक्किम के पूर्व सीएम पवन चामलिंग को छोड़ा पीछे

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। गुजरात के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री के रूप में अपने कुल कार्यकाल को मिलाकर उन्होंने 8,931 दिन पूरे कर लिए हैं, जिससे वे भारत में सबसे लंबे समय तक चुनी हुई सरकार के प्रमुख (हेड ऑफ इलेक्टेड गवर्नमेंट) बन गए हैं। इस उपलब्धि से उन्होंने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग (8,930 दिन) को सिर्फ एक दिन से पीछे छोड़ दिया है। यह रिकॉर्ड निरंतर सार्वजनिक सेवा, मजबूत नेतृत्व और जनता के भरोसे का प्रतीक है। पीएम मोदी का यह सफर 7 अक्टूबर 2001 से शुरू हुआ, जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री बने, और 26 मई 2014 से वे लगातार भारत के प्रधानमंत्री हैं। तीन लोकसभा चुनावों (2014, 2019, 2024) में जीत के साथ उनका कार्यकाल अब भी जारी है। पीएम मोदी का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ, जहां बचपन में पिता के साथ चाय बेचने का काम किया। उन्होंने देश भर की यात्रा की, 1970 के दशक में आरएसएस से जुड़े, फिर बीजेपी में सक्रिय हुए। 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री बने और गुजरात मॉडल से विकास की नई मिसाल कायम की। 2014 से प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्वच्छ भारत, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से देश को नई दिशा दी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की छवि मजबूत हुई है।

# लालजीत भुल्लर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विपक्ष का प्रदर्शन

## चंडीगढ़ में सीएम आवास की ओर मार्च

(एजेंसी) चंडीगढ़। पंजाब में पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। रविवार को चंडीगढ़ स्थित विधायक हॉस्टल के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया, जहां से विपक्षी दलों के नेताओं ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के आवास की ओर मार्च शुरू किया। इस विरोध प्रदर्शन में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल के कार्यकर्ता एकजुट नजर आए। भाजपा नेता सुनील जाखड़, अनिल सरीन और इकबाल सिंह लालपुरा मौके पर मौजूद रहे। वहीं कांग्रेस के प्रताप सिंह बाजवा, अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, सांसद गुरजीत सिंह औजला और ओ.पी. सोनी भी प्रदर्शन में शामिल हुए। दूसरी ओर, पंजाब



स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन, अमृतसर के जिला मैनेजर गगनदीप सिंह रंधावा की मौत के मामले में परिवार ने सख्त रुख अपनाया है। मृतक की पत्नी उपिंदर कौर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब तक लालजीत भुल्लर और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक वे पोस्टमार्टम नहीं होने देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पति पर अत्यधिक दबाव बनाया गया, उनके साथ मारपीट और अपमान किया गया, जिसके कारण उन्होंने यह कदम उठाया। उन्होंने कहा, "हमें पहले न्याय चाहिए, उसके बाद ही पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार किया जाएगा। उपिंदर कौर ने यह भी आरोप लगाया कि यदि पंजाब सरकार गंभीर होती तो एफआईआर दर्ज करने में देरी नहीं होती। उन्होंने अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई और तत्काल पुलिस सुरक्षा की मांग की।

# पश्चिम एशिया युद्ध और रुपये की कमजोरी से खाद्य तेल-तिलहन महंगे

(एजेंसी) नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में युद्ध के माहौल के कारण बढ़ती आपूर्ति चिंताओं तथा डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने के साथ-साथ आवक घटने से देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह लगभग सभी खाद्य तेल-तिलहनों की कीमतों में मजबूती का रुख रहा। इन कारणों की वजह से सरसों, सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल की कीमतें मजबूती दर्शाती बंद हुईं। शनिवार को ईद के कारण बाजार बंद रहे। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में पिछले सप्ताह भी बाजार मजबूत हुआ। युद्ध से पहले के 1,200 डॉलर प्रति टन के आसपास की कीमत के मुकाबले युद्ध भड़कने के बाद सोयाबीन डीगम तेल का दाम बढ़कर 1,325-1,330 डॉलर प्रति टन हो गया है। युद्ध बढ़ने के बीच खाद्य तेल एवं रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित रहने की आशंकाओं से भी खाद्य तेल कीमतों में उछाल आया। बीते सप्ताह डॉलर के मुकाबले रुपया भी अपने सर्वकालिक निचले स्तर 93.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। रुपये की इस गिरावट ने आयात को और महंगा बना दिया है। आयात के लिए अर्जेन्टीना से मालवहन का भाड़ा जो युद्ध के पहले 70-75 डॉलर प्रति टन था वह अब बढ़कर लगभग 140 डॉलर प्रति टन हो चला है। रुपये के हिसाब से मालभाड़े में 6-6.50 रुपये प्रति किलो की वृद्धि हुई है। उसपर आयातित खाद्य तेल के बीमा की लागत भी बढ़ गई है। बाजार में किसान आवक भी कम ला रहे हैं। इन सभी



परिस्थितियों के बीच खाद्य तेलों के दाम में उछाल आया। उन्होंने कहा कि अपने पिछले सप्ताह के अधिकतम 14 लाख बोरी के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों की आवक लगभग 10 लाख बोरी रह गई। किसान रोक-रोक कर अपना माल बेच रहे हैं। उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से भी अच्छा दाम मिल रहा है। आज की परिस्थितियों में उन समीक्षकों को अपने उन तर्कों पर मौजूदा परिस्थिति में फिर से गौर करना चाहिये कि- श्खाद्य तेलों के दाम बढ़ने से मंहगाई बढ़ती है- कितना उचित है। सूत्रों ने कहा कि मौजूदा स्थिति में सरसों का उत्पादन अधिक है, किसानों को एमएसपी से दाम भी अधिक मिल रहे हैं। पश्चिम एशिया युद्ध के कारण आयातित खाद्य तेलों के दाम आसमान छू रहे हैं। इस परिस्थिति में देशी तिलहन की वजह से भारत इस मामले में ठीक स्थिति में है। सरसों के रिफाइंड भी बन रहे हैं। इसकी मांग भी है। इन्हें देखते हुए कहा जा सकता है कि उत्पादन बढ़ाना और देशी तेल-तिलहन का बाजार बनाना ही उचित कदम हो सकता है। आज की युद्ध जैसी परिस्थिति में, खाद्य तेल जैसी आम उपभोग वाली संवेदनशील खाद्य वस्तु के लिए लगभग 60 प्रतिशत आयात पर निर्भरता देश की संप्रभुता के लिए खतरनाक है। दूसरी ओर, इस बात को भी समझना चाहिये, कि आज उन समीक्षकों की बोली क्यों नहीं सुनाई दे रही जो खाद्य तेलों की महंगाई का रोना रोने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। युद्ध ने खाद्य तेलों के दाम को भड़का दिया है फिर इस महंगाई पर कौन काबू करेगा? क्या इसका जवाब देशी तेल-तिलहनों का उत्पादन बढ़ाना नहीं है? सूत्रों ने कहा कि युद्ध के कारण सोयाबीन तेल की आपूर्ति की समस्या हो सकती है। इसलिए सरकार को सोयाबीन, सरसों, मूंगफली जैसे तिलहनों का स्टॉक बनाकर रखने की जरूरत है जो कीमतों के असामान्य होने की स्थिति में काम आयेंगे। हो सके तो सरकार को बोनस देकर भी सरसों को खरीद लेना चाहिये क्योंकि मूंगफली, सरसों जैसे खाद्य तेलों का कोई विकल्प भी नहीं है। सूत्रों ने कहा कि बिनौले की आवक कम हो रही है और सोयाबीन रिफाइंड से बिनौला तेल का दाम लगभग 10 रुपये किलो नीचे है। इसलिए इसकी खाद्य कंपनियों में अच्छी मांग भी है। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 250 रुपये के सुधार के साथ 6,950-6,975 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 700 रुपये के सुधार के साथ 14,600 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशरू 80-80 रुपये के सुधार के साथ क्रमशरू 2,430-2,530 रुपये और 2,430-2,575 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 50-150 रुपये की तेजी के साथ क्रमशरू 5,700-5,750 रुपये और 5,300-5,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार, दिल्ली में सोयाबीन तेल 750 रुपये के सुधार के साथ 16,300 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 800 रुपये के सुधार के साथ 15,700 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 1,250 रुपये के सुधार के साथ 13,200 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली तिलहन का दाम भी 250 रुपये के सुधार के साथ 7,250-7,725 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 650 रुपये के सुधार के साथ 17,550 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 90 रुपये के सुधार के साथ 2,770-3,070 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में कारोबारी धारणा में आम मजबूती के रुख के अनुरूप, सीपीओ तेल का दाम 550 रुपये के उछाल के साथ 13,600 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन दिल्ली का भाव 650 रुपये के उछाल के साथ 15,400 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव भी 650 रुपये की बढ़ोतरी के साथ 14,350 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। तेजी के आम रुख के अनुरूप, बिनौला तेल का दाम 650 रुपये की मजबूती दर्शाता 14,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# सम्पादकीय

## प्रियंका भी पार्टी से नेताओं का पलायन रोकने में असफ़ल

सर्वविदित है कि चुनावी राज्य असम से कांग्रेस के सांसद और वरिष्ठ नेता प्रद्युत बोरदोलोई ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है और भाजपा में शामिल हो गए हैं। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि बोरदोलोई से पहले भी कांग्रेस के एक और नेता भूपेन वोरा कांग्रेस छोड़ चुके हैं। कहने का मतलब है कि असम कांग्रेस में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। बोरदोलोई पुराने कांग्रेसी थे। 1978 में असम में एनएसयूआई के अध्यक्ष रहे फिर 1998 से 2016 तक चार बार विधायक रहे और 2019 और 2024 में लोकसभा का चुनाव जीते मगर अब यह कह कर कांग्रेस छोड़ दी कि पार्टी में मेरा अपमान हो रहा था। पार्टी छोड़ने के अपने फैसले को सही ठहराते हुए उन्होंने कहा कि आज मैंने अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों में से एक को छोड़ दिया है और इसके लिए मैं खुश नहीं हूं। लेकिन मैंने यह निर्णय इसलिए लिया क्योंकि कांग्रेस पार्टी, विशेष रूप से असम कांग्रेस के भीतर, मुझसे संपर्क करने वाले लोग मुझे बार–बार अपमानित कर रहे थे। प्रद्युत बोरदोलोई का आगे यह भी कहना था कि जिसका नाम आसिफ नजर है ने उनके ऊपर पिछले पंचायत चुनाव में हमला करवाया जिसकी शिकायत उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष से की मगर कुछ नहीं हुआ और कांग्रेस उसे फिर से टिकट देने जा रही है। बोरदोलोई का आरोप है कि स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य इमरान मसूद उन्हें शह दे रहे हैं इसलिए उनके पास कांग्रेस से इस्तीफा देने के अलावा कोई चारा नहीं था। बहरहाल कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि भूपेन वोरा और प्रद्युत बोरदोलोई का कांग्रेस से जाना उनका निजी मामला नहीं है ये कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ असंतोष को तो दर्शाता ही है साथ ही असम कांग्रेस में नेतृत्व की कमी को भी रेखांकित करता है। गौरव गोगोई जो प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अपने आप को स्थापित करने में जुटे हैं मगर लगातार नेताओं का लगातार जाना उनकी कमजोरी को ही दिखाता है। असम में कांग्रेस पार्टी पर इसका बहुत बुरा प्रभाव देखने को मिलेगा। इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरेगा,आपसी गुटबाजी बढ़ेगी खासकर परिवार से आए नेताओं और अपने दम पर बने नेताओं के बीच क्योंकि अब सबको लगने लगेगा कि नेतृत्व कमजोर है। बोरदोलोई का जाना उत्तरी असम में कांग्रेस को कमजोर करेगी क्योंकि बोरदोलोई सभी गुटों के बीच एक सेतु का काम करते थे। इससे हाशिए पर बैठे कांग्रेस नेताओं पर दबाव बढ़ेगा कि वो कांग्रेस में रहें या नहीं। यदि जल्दी ही कांग्रेस आलाकमान और प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई और प्रभारी जितेंद्र सिंह अपना रवैया और काम करेना का तरीका नहीं बदलते हैं तो असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा कांग्रेस में इसी तरह सेंध लगा कर कमजोर करते रहेंगे। असम में पहले भूपेन वोरा और अब प्रद्युत बोरदोलोई के कांग्रेस छोड़ने के बाद यह बहस चल पड़ी है कि प्रियंका गांधी के स्क्रीनिंग कमिटी के अध्यक्ष रहते यह कैसे हुआ। कांग्रेस पार्टी के सूत्र बताते हैं कि प्रियंका गांधी का काम उम्मीदवारों के चयन तक सीमित है और उन्होंने अपना काम बखूबी किया है। अधिकतर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जा चुकी है, जिसमें प्रद्युत बोरदोलोई के बेटे को भी टिकट देने की घोषणा की गई है। अब उनके बेटे चुनाव लड़ते हैं या नहीं ये देखना होगा। वहीं दूसरी ओर प्रद्युत बोरदोलोई ने लोकसभा सीट से भी इस्तीफा दे दिया है और वे भाजपा के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। मगर इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि इस सब का ठीकरा प्रियंका गांधी पर ही फोड़ा जाएगा। हालांकि इसकी ज़िम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी महासचिव की ज्यादा बनती है। असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई का कहना है कि कांग्रेस ने प्रद्युत बोरदोलोई को सब कुछ दिया। वह 15 साल तक असम में मंत्री रहे। दो बार सांसद और इस बार बेटा को भी टिकट दिया। अगर इसके बाद भी कोई पार्टी छोड़ता है तो जरूर कोई और बात होगी। संसद में कांग्रेस के नेता निजी बातचीत में ईडी और अन्य सरकारी एजेंसियों की ओर भी इशारा कर रहे हैं। बहरहाल इतना जरूर है कि कांग्रेस को जवाब तो देना ही पड़ेगा कि 22 फरवरी को भूपेन बोरा ने कांग्रेस छोड़ी, 5 मार्च को 3 विधायक कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में चले गए, इसके पहले असम कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राणा गोस्वामी भाजपा में गए, असम यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अंकिता दास और संयुक्त महासचिव परबा दास कलिता ने भी पार्टी छोड़ी।


नफीस जाफरी

## लाखों की लागत से निर्मित सामुदायिक भवना पड़ा अधूरा

### – ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई। तहसील क्षेत्र के स्थानीय गांव में ग्राम पंचायत द्वारा लाखों रुपये की लागत से निर्मित कराया गया सामुदायिक भवन अधूरा पड़ा हुआ है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। आरोप है कि निर्माण कार्य पूर्ण किए बिना ही पूरी धनराशि निकाल ली गई, जिसके कारण भवन आज तक उपयोग के योग्य नहीं बन पाया है। ग्रामीणों के अनुसार यह सामुदायिक भवन विभिन्न सामाजिक एवं सांस्तिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बनाया गया था, लेकिन अधूरे निर्माण के चलते इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। गांव निवासी राजेश कुशवाहा ने बताया कि भवन निर्माण के दौरान कई अनियमितताएं बरती गईं। उन्होंने कहा कि शौचालय का निर्माण तो किया गया है, लेकिन उसमें पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। हैंडपंप में समरसेबल लगा है पर टँकी और बजली का कनेक्शन ही नही है। साथ ही शौचालय की टंकी भी अधूरी पड़ी है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा भवन के दोनों हॉल के फर्श में कई स्थानों पर दरारें आ गई हैं और पूरे परिसर में जगह–जगह घास–फूस उग आए हैं, जो लापरवाही को दर्शाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार शिकायत की गई, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी उदासीन बने रहे। अंततः राजेश कुशवाहा ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी केके सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। संबंधित सचिव और ग्राम प्रधान को शीघ्र मरम्मत कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय पर कार्य पूरा नहीं होता है, तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# योगी आदित्यनाथ अंधविश्वास पर नहीं करते "विश्वास"


गुलफिशा खान

यह बात किसी से छिपी नहीं है कि उत्तर प्रदेश के भगवाधारी मुख्यमंत्री योगी आदित्ययनाथ चाहे उनकी विकास नीति हो, शासन नीति हो, प्रदेश के भू–माफियाओं से लेकर अपराधियों को कुचलने की नीति हो, महिला सुरक्षा और सम्मान का विषय हो, उनकी आक्रमक भाषणशैली हो, अपने विरोधियों पर तंज करना हो इन तमाम मामलों में वे अपने पूवर्ती मुख्यमंत्री से कही अलग और बेहतर साबित हुए हैं। वहीं इस सबके विपरीति और एक विषय है, जहां वे एक बार फिर से अपने पूर्व के मुख्यमंत्रियों से काफी अलग है। और वह है अंधविश्वास का विषय। मालूम हो कि लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्ययनाथ ने विपक्षी दलों पर चुटीला तंज कसा। उन्होंने कहा– जो लोग राम मंदिर को अंधविश्वास का प्रतीक बताते थे, वे खुद अपनी कुर्सी बचाने के लिए इतने डरे हुए थे कि कभी नोएडा में कदम रखने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। दरअसल योगी का यह बयान उस 35 साल पुराने नोएडा मिथक की ओर इशारा है, जिसने उत्तर प्रदेश के कई मुख्यमंत्रियों की रातों की नींद उड़ा रखी थी। क्योंकि यूपी की सियासत में एक वक्त ऐसा था जब नोएडा में कदम रखने की बात सुनते ही मुख्यमंत्रियों के माथे पर पसीना आ जाता था। माना जाता था कि जो भी मुख्यमंत्री अपने कार्यकाल के दौरान नोएडा की धरती पर कदम रखेगा, उसकी कुर्सी चली जाएगी। इसी अंधविश्वास के चलते मुलायम सिंह यादव से लेकर अखिलेश यादव तक ने नोएडा से दूरी बनाए रखी। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल इस मिथक को तोड़ा, बल्कि बार–बार नोएडा आकर यह साबित कर दिया ये सिर्फ अंधविश्वास है और कुछ भी नहीं। क्या है ये दिलचस्प मिथक एक नजर डालते हैं इस परः– कहा जाता है कि इस अंधविश्वास की



जड़ें जून 1988 की एक घटना में छिपी हैं। उस समय यूपी के मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह थे। वे नोएडा के एक कार्यक्रम में शामिल होने आए और जैसे ही लखनऊ लौटे, अगले ही दिन उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद 1989 में एनडी तिवारी नोएडा आए और उनकी भी सत्ता चली गई। इन दो घटनाओं ने यूपी के सियासी गलियारों में यह बात फैला दी कि नोएडा जाना मतलब सत्ता गंवाना। इसके बाद कल्याण सिंह और राजनाथ सिंह जैसे दिग्गज भी इस शहर में आने से कतराते रहे। धीरे–धीरे नोएडा का डर इतना गहरा गया कि करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन दिल्ली या लखनऊ से ही कर दिया जाता था। मुलायम सिंह यादव ने अपने तीन कार्यकाल के दौरान कभी नोएडा आने का साहस नहीं दिखाया। वे दिल्ली तक आते थे, लेकिन यमुना पार कर नोएडा की सीमा में प्रवेश नहीं करते थे। इसके बाद आया मायावती का दौर। साल 2011 में मायावती ने इस मिथक को चुनौती देने की कोशिश की और दलित प्रेरणा स्थल के उद्घाटन के लिए नोएडा आईं। इत्तेफाक से 2012 के चुनाव में वे हार गईं, जिससे यह अंधविश्वास और मजबूत हो गया। उनके बाद लखनऊ में सत्ता की चाबी आई अखिलेश के हाथ में। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तो आधुनिक सोच और ऑस्ट्रेलिया से पढ़ाई की बात करते थे, लेकिन नोएडा के मामले में वे भी पुराने ढर्रे पर चले। साल 2012 से 2017 के बीच उन्होंने दर्जनों प्रोजेक्ट्स (नोएडा–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, मेट्रो विस्तार) का उद्घाटन किया, लेकिन कभी नोएडा नहीं आए। यहां तक कि 2013 में जब राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी एक कार्यक्रम के लिए नोएडा आए, तब भी अखिलेश यादव उनके स्वागत के लिए वहां नहीं पहुंचे थे। वहीं अगर इस सबके विपरीत उत्तर प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बात करें तो साल 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने साफ कर दिया था कि वे अंधविश्वासों में यकीन नहीं रखते। दिसंबर 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मेट्रो की मैजेंटा लाइन के उद्घाटन के लिए वे नोएडा पहुंचे। विपक्षी दलों ने तब तंज कसा था कि अब योगी की कुर्सी जाएगी, लेकिन 2022 के चुनावों में वे और भी प्रचंड बहुमत के साथ वापस आए। देखने वाली बात यह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अब तक 25 से ज्यादा बार नोएडा का दौरा कर चुके हैं। कोरोना काल हो, जेवर एयरपोर्ट का शिलान्यास हो या डेटा सेंटर का उद्घाटन, योगी ने नोएडा को यूपी के विकास का चेहरा बना दिया है। कुल मिलाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साफ कि नोएडा कोई अभिशाप नहीं बल्कि यूपी की आर्थिक राजधानी है। योगी के बार–बार नोएडा आने और दोबारा सत्ता में लौटने ने उस तीन दशक पुराने मिथक को हमेशा के लिए दफन कर दिया है जिसने यूपी के विकास की रतार को सालों तक बांधे रखा था।

# ईरान युद्ध ट्रंप के लिए गले की हड्डी बना


फरीद वारसी

इजरायली राजदूत रूवेन अजार कहा कि साउथ पार्स पर सिर्फ अकेले हमला नहीं किया गया था, दुर्भाग्य से, ईरानियों ने काफी आपराधिक तरीके से जवाबी हमला करने का फैसला किया। वे अपने तथाकथित दोस्तों पर हमला कर रहे हैं। वे एक अंतरराष्ट्रीय संकट पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि वे जानते हैं कि यह हमला उनके ऊपर उनके तथाकथित दोस्तों ने नहीं किया। ईरान पर हमला हुआ, क्योंकि वे ही हैं, जो दशकों से इजरायल पर हमला करते आ रहे हैं। कुछ ऐसे लोग हैं, जो हमारे देश के लिए अस्तित्वगत खतरे पैदा कर रहे हैं और हम ऐसी स्थिति में होना चाहते हैं, जिसमें वे इतने कमजोर हो जाएं कि वे फिर कभी इजरायल के लिए खतरा न बन सकें। अभी, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ हमारा इस मसले पर जो गैप हुआ है, वह बहुत मामूली है। मुझे लगता है कि यह एक अपवाद है। रूवेन अजार ने कहा कि इसे गैप इसलिए कहूंगा क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से एक ऐसी प्रतिक्रिया आई है, जिसकी हमें उम्मीद नहीं थी। तो अंततः, मुझे लगता है कि यह एक छोटा सा गैप है, जिसे हम दूर कर सकेंगे। हम संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ तालमेल बनाए हुए हैं। मुझे लगता है कि व्यापक परिप्रेक्ष्य में हम इस अभियान के उद्देश्यों पर सहमत हैं, जो उन बातों पर केंद्रित हैं, जिनका मैंने पहले उल्लेख किया है कि बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु कार्यक्रम दोनों को समाप्त करना और साथ ही, ईरानी लोगों को अपना भविष्य अपनाने का मौका देना। दमनकारी ताकतों, उन ठिकानों और बलों पर प्रहार करके, जिन्होंने कुछ ही सप्ताह पहले हजारों ईरानी नागरिकों की हत्या की थी। वहीं दूसरी ओर मालूम हो कि ईरान पर जब इजरायल ने हमला किया था और अमेरिका ने उसका साथ दिया था तब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि यह जल्द से जल्द खत्म हो जाएगा लेकिन हालात ये हैं कि करीब तीन हते बाद यह युद्ध अब राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक संकट का कॉम्बो पैक बन चुका है। फॉरएवर वॉर खत्म करने का वादा करने वाले ट्रंप अब ईरान के खिलाफ बड़े सैन्य ऑपरेशन चला रहे हैं, और यही फैसला अब अमेरिका को अंदर और बाहर, दोनों मोर्चों पर हिला रहा है। ये कुछ संकेत बता रहे हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति को उनका यह फैसला न केवल अमेरिका के बाहर से बल्कि उनके देश के भीतर भी एक विशुद्ध अलोकप्रिय नेता बनाने की ओर ले जा रहा है। कुछ ताजा सर्वे में आधा अमेरिका इस युद्ध के खिलाफ पाया गया है। सबसे भरोसेमंद सर्वे में से एक ताजा सर्वे में करीब 59 प्रतिशत अमेरिकी इस युद्ध के खिलाफ हैं। 53 प्रतिशत अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के खिलाफ, 40 प्रतिशत समर्थन में हैं तो 74 प्रतिशत लोग ग्राउंड ट्रूप्स भेजने के खिलाफ। 62 प्रतिशत लोगों को लगा सरकार ने ईरान पर हमले की साफ वजह नहीं बताई। 59 प्रतिशत चाहते थे कि पहले कांग्रेस से मंजूरी ली जाती। कुल मिलाकर समस्या यह है कि जनता को ईरान पर हमले का कोई बड़ा मकसद समझ नहीं आ रहा है। लोग इसे अनावश्यक युद्ध मान रहे हैं। यानी ट्रंप के पास व्यापक पब्लिक सपोर्ट नहीं है। वाशिंगटन पोस्ट के सर्वे के मुताबिक 42 प्रतिशत लोग हमले रोकना चाहते हैं। सिर्फ 34 प्रतिशत लोग जारी रखने के पक्ष में हैं। 53 प्रतिशत मानते हैं कि यह युद्ध अमेरिका के लिए फायदेमंद नहीं होगा। मारिस्ट सर्वे 56 प्रतिशत अमेरिकियों ने युद्ध का विरोध किया। सिर्फ 44 प्रतिशत समर्थन में हैं। वहीं डेमोक्रेट्स और इंडिपेंडेंट्स में इस युद्ध को लेकर घोर विरोध है। यानी लगभग हर बड़े सर्वे में मेजॉरिटी विरोध में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के फैसलों को लेकर मतभेद उजागर हो रहे हैं। अमेरिका के नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर के डायरेक्टर जो केंट ने यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि वो ईरान में चल रहे युद्ध का समर्थन नहीं कर सकते। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि ईरान से अमेरिका को कोई तत्काल खतरा नहीं था। अमेरिका ने जब ईरान के खिलाफ मोर्चा खोला, तब उम्मीद थी कि दबाव बनाकर जल्द ही ईरान को झुका दिया जाएगा। लेकिन हालात अब बिल्कुल उलट दिख रहे हैं। जो केंट का यह कहते हुए इस्तीफा देना आंतरिक दरार का सबसे बड़ा संकेत माना जा रहा है। यह इस्तीफा ट्रंप प्रशासन के भीतर ही विदेश नीति को लेकर बढ़ते विवादों को दर्शाता है। ट्रंप के कट्टर वफादार और आतंकवाद विरोधी प्रमुख जो केंट का इस्तीफा जहां ट्रंप के आंतरिक घेरे में बड़ी दरार को दर्शाता है। वहीं ट्रंप का अमेरिका फर्स्ट कैंप ही टूटता दिख रहा है। अमेरिकी एक्टिविस्ट और ट्रंप के पुराने समर्थक टकर कार्लसन ने इन हमलों को घृणित और दुष्ट बताया है और आरोप लगाया है कि अमेरिका को इजरायल के हितों के लिए युद्ध में धकेला गया है। वहीं जॉर्जिया कि पूर्व महिला सांसद मार्जोरी टेलर ग्रीन ने सैन्य हस्तक्षेप की कड़ी आलोचना करते हुए इसे एक ऐसी दलदल बताया है जो ट्रंप के श्हस्तक्षेप न करनेश के वादों के विपरीत है। उन्होंने कहा है कि यह निर्दोष बच्चों की हत्या है और अमेरिकी जनता इसका समर्थन नहीं करती है। वहीं रिपब्लिकन कांग्रेस सदस्य थॉमस मैसी ने भी इस युद्ध का खुलकर विरोध किया है और इसे रोकने के लिए विधायी कदम उठाने का वादा किया है। युद्ध का आर्थिक दुष्प्रभाव अमेरिका की जेब पर पड़ा है। इस संघर्ष के कारण घरेलू ऊर्जा की लागत में भारी उछाल आया है, और अमेरिका में गैस की कीमतें एक ही महीने में +2.94 से बढ़कर +3.72 प्रति गैलन हो गई हैं, जिससे ट्रंप की घरेलू आर्थिक स्थिति और उनके किफायती एजेंडे को खतरा पैदा हो गया है। इसका मतलब है कि ट्रंप का सस्ती जिंदगी वाला एजेंडा खतरे में। दूसरी तरफ युद्ध के खर्चों पर भी सवाल उठ रहे हैं. अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने संसद को सूचित किया कि युद्ध के पहले छह दिनों में ही 11.3 अरब डॉलर खर्च हुए थे। वहीं युद्ध की शुरुआत में खर्च का औसत लगभग 1.8 अरब डॉलर प्रतिदिन था, जो बाद के दिनों में घटकर लगभग 1 अरब डॉलर प्रतिदिन के स्तर पर आ गया। पहले दो दिनों के हमलों में ही 5.6 अरब डॉलर के गोला–बारूद इस्तेमाल किए गए थे। इन खर्चों में सैनिकों की तैनाती और क्षतिग्रस्त अमेरिकी सैन्य संपत्तियों की मरम्मत में आने वाला खर्च शामिल नहीं है। इस दौरान ट्रंप प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि वो जल्द ही कांग्रेस (अमेरिकी संसद) से 50 अरब डॉलर के अतिरिक्त आपातकालीन फंड की मांग कर सकते हैं। ईरान के साथ यह युद्ध उम्मीद से कहीं अधिक खिंच गया है, जिसने अमेरिकी सैन्य साख पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। इसके लिए क्विक ऑपरेशन का फेल होना एक अहम कारण बताया जा रहा है। शुरुआत में इसे एक सर्जिकल स्ट्राइक या सीमित सैन्य कार्रवाई माना जा रहा था, लेकिन हतों बाद भी ईरान




का प्रतिरोध कम नहीं हुआ है। इससे दुनिया में यह संदेश गया है कि अमेरिकी सैन्य शक्ति अब उतनी त्वरित और निर्णायक नहीं रही जितनी 90 के दशक में खाड़ी युद्ध के दौरान थी। ईरान ने सस्ते हथियारों से अमेरिकी सैन्य महाशक्ति को चुनौती देकर उसकी तकनीकी श्रेष्ठता के दावे पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ईरान ने बेहद सस्ते आत्मघाती कामीकाजी ड्रोनों और मिसाइलों के जरिए अमेरिका के अरबों डॉलर के डिफेंस सिस्टम (जैसे पैट्रियट) को खूब छकाया है। सोशल मीडिया पर करीब–करीब रोज ही ऐसे वीडियो सामने आ रहे हैं। कतर में 1.1 अरब डॉलर के उन्नत रडार सिस्टम का नष्ट होना और अब तक 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत ने पेंटागन की रणनीति को रक्षात्मक बना दिया है। इतने कम समय में एक महाशक्ति के लिए इतनी बड़ी सैन्य क्षति वैश्विक रक्षा सप्लायर के तौर पर उसकी प्रतिष्ठा के लिए हानिकारक है। हॉर्मुज स्ट्रेट के लगभग रुक जाने से ग्लोबल तेल सप्लाई हिल गई है और कई देशों में कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। इसका असर खासकर एशियाई देशों पर गहरा पड़ा है। भारत, पाकिस्तान जैसे देश इसी रूट से आयात पर निर्भर हैं। जब स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से ईरान ने आवाजाही ठप्प कर दी तो ट्रंप ने चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन जैसे देशों से अपील की कि वे अपने युद्धपोत भेजें ताकि इस महत्वपूर्ण तेल मार्ग को सुरक्षित किया जा सके। यहां से दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल गुजरता है। पर किसी ने साथ नहीं दिया। जब राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू की थी, तब भी नाटो के अधिकांश सदस्य देशों ने इसमें साथ देने से इनकार कर दिया। गठबंधन के भीतर इस बात पर गहरा मतभेद था कि क्या यह हमला रक्षात्मक था या आक्रामक। कई यूरोपीय सहयोगियों का मानना था कि ईरान ने सीधे तौर पर किसी नाटो सदस्य पर हमला नहीं किया था, इसलिए अनुच्छेद 5 के तहत सामूहिक रक्षा की शर्त लागू नहीं होती। तुर्की और हंगरी जैसे कुछ देशों को छोड़कर, जर्मनी और फ्रांस जैसे प्रमुख सहयोगियों ने अपनी सेना भेजने के बजाय कूटनीतिक समाधान पर जोर दिया, जिससे अमेरिका को इस युद्ध में काफी हद तक अकेले ही उतरना पड़ा। नाटों के भीतर एकजुटता भी नहीं है। पोलैंड जैसे देश साथ हैं लेकिन फ्रांस, ब्रिटेन जैसे देश डी–एस्केलेशन की मांग कर रहे हैं। रूस को लेकर पहले सख्त रुख रखने वाले ट्रंप अब नरम पड़ते दिख रहे हैं। वहां से तेल खरीदने पर छूट देना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। दरअसल, युद्ध के कारण बढ़ती तेल कीमतों को नियंत्रित करने के लिए ट्रंप ने रूसी तेल पर लगे कुछ प्रतिबंधों में ढील दी है। जानकारों का मानना है कि यह एक सोची–समझी चाल है ताकि रूस को आर्थिक लाभ देकर उसे इस युद्ध में सीधे हस्तक्षेप करने से रोका जा सके। ईरान को लेकर अमेरिका अकेला पड़ता जा रहा है और उसे किसी बड़े खिलाड़ी की जरूरत है जो उसे मिल नहीं रहा। इधर अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, रूस ईरान को सैटेलाइट इमेजरी और अमेरिकी सैन्य ठिकानों की लोकेशन साझा कर रहा है, जिससे ईरान को मिसाइल और ड्रोन हमलों में मदद मिल रही है। रूस ने आधिकारिक तौर पर ईरान को खुफिया जानकारी देने से इनकार किया है और अमेरिकी हमलों को अकारण आक्रामकता बताया है। लेकिन वह सीधे तौर पर युद्ध में शामिल होने से बच रहा है, क्योंकि उसकी अपनी सेना यूक्रेन युद्ध में व्यस्त है। हालांकि रूस को ईरान का एक सहयोगी देश माना जाता है, ऐसे में ट्रंप नहीं चाहते कि रूस खुल कर ईरान का साथ दे। ईरान ने हॉरिजॉन्टल एस्केलेशन शुरू किया। सऊदी अरब, यूएई और लेबनान में अमेरिकी ठिकानों और ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर पर उसने सफल हमले किए हैं। इससे अमेरिकी एयर डिफेंस सिस्टम की छवि कमजोर हुई है। एक बड़ी चुनौती आर्थिक भी है क्योंकि अमेरिका एक ड्रोन को गिराने के लिए लाखों डॉलर की मिसाइल खर्च कर रहा है, जबकि हमलावर कुछ हजार डॉलर के ड्रोन का उपयोग कर रहे हैं। इस तरह से लागत में बड़े फर्क ने अमेरिकी रक्षा रणनीति को दबाव में डाल दिया है। इस हमले के पहले ही दिन अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत हो गई थी लेकिन उनकी मौत के बाद भी कोई ऐसा राजनीतिक विकल्प नहीं उभरा जो अमेरिका के लिए सहायक हो। बल्कि नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने लंबे युद्ध की बात कही है। यानी ईरान की तरफ से फिलहाल संघर्ष खत्म नहीं करने के संकेत हैं, यह और लंबा खिंच सकता है। दरअसल, ईरान आमने–सामने के युद्ध के बजाय प्रॉक्सी समूहों और मिसाइल हमलों का सहारा ले रहा है, और इसे पूरी तरह खत्म करना एक लंबी और थकाऊ प्रक्रिया होगी। इतिहास गवाह है कि वियतनाम और अफगानिस्तान वॉर जैसे लंबे युद्ध सुपरपावर को थका देते हैं, ईरान युद्ध भी उसी रास्ते पर दिख रहा है। ईरान युद्ध अब ट्रंप के लिए जहां जीतना मुश्किल दिखता है वहीं छोड़ना और भी मुश्किल हो गया है। यानी एक नो–विन सिचुएशन है, ऐसे में अगर यह जारी रहा, तो अमेरिका की ग्लोबल साख, नेटो की एकता और डोनाल्ड ट्रंप का राजनीतिक भविष्य तीनों पर बड़ा असर पड़ सकता हैं।

## सपना दूर जाने की आशंका

एआई के कारण नौजवानों के लिए मध्यवर्गीय जिंदगी का सपना लगातार दूर होते जाने की आशंका है। भारत के नीतिकारों को इसका आभास है। मगर उनके पास इसका ठोस एवं सार्थक समाधान भी है, ऐसा कोई संकेत उन्होंने नहीं दिया है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से वित्त, प्रबंधन, कंप्यूटर साइंस, गणित, इंजीनियरिंग, विधि और कार्यालय प्रशासन के क्षेत्रों में मौजूद रोजगार पर सबसे अधिक खतरा है। इन क्षेत्रों में एआई के जरिए सबसे पहले उन कार्यों को करना शुरू किया गया है, जिसे सबसे जूनियर कर्मचारी करते हैं। यानी जो नौजवान इन क्षेत्रों में करियर बनाने की उम्मीद लिए बैठे हैं, उनके लिए रास्ता कठिन होता जा रहा है। ये बातें एआई कंपनी एंथ्रोपिक ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कही है। इस अध्ययन रिपोर्ट को श्श्रम बाजार पर एआई का प्रभावरू नया पैमाना और आरंभिक साक्ष्य शीर्षक से प्रकाशित किया गया है। हाई टेक क्षेत्र में बहुत से कार्यों को संपन्न कर देने की क्षमता के कारण एंथ्रोपिक का एआई मॉडल– क्लाउड– हाल में चर्चा में रहा है। हालांकि एंथ्रोपिक का कहना है कि फिलहाल उसका मॉडल पेशेवरकर्मियों के कार्यों का सिर्फ 33 फीसदी हिस्सा ही संपन्न करने में सक्षम हुआ है। इसके बावजूद इसके उपयोग से अनेक क्षेत्रों नौकरियां जाने लगी हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित कंप्यूटर प्रोग्रामिंग और कस्टमर सर्विस के क्षेत्र हुए हैं। आने वाले समय में मॉडल की क्षमता बढ़ने के साथ इन क्षेत्रों में मानव श्रम के लिए रोजगार के अवसर बेहद सिमट जाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक एआई मॉडल्स से कंस्ट्रक्शन, कृषि, स्वास्थ्य देखभाल, पर्सनल केयर आदि क्षेत्रों में रोजगार पर न्यूनतम असर पड़ेगा। मगर भारत जैसे देश के लिए भी ये सीमित राहत की ही बात है। इसलिए कि जिन क्षेत्रों को एआई मॉडल्स प्रभावित करने जा रहे हैं, उनमें बने रोजगार के अवसर ही गुजरे तीन दशकों में भारत में मध्य वर्ग के प्रसार का जरिया रहे हैं। रिपोर्ट में कहा है कि 22 से 25 वर्ष उम्र के जो छात्र अभी पढ़ कर निकले हैं, उनके लिए इन क्षेत्रों में अवसर तेजी से सिकुड़ रहे हैं। यानी नौजवान आबादी के लिए मध्यवर्गीय जिंदगी का सपना लगातार दूर होते जाने की आशंका है। भारत के नीतिकारों को इसका आभास है, इसका संकेत पिछले साल नीति आयोग की एक रिपोर्ट से मिला था। मगर, उनके पास इसका ठोस एवं सार्थक समाधान भी है, ऐसा कोई संकेत उन्होंने नहीं दिया है।

# पालिका कम्यूनिटी हॉल में मनाया कन्या जन्मोत्सव

## – बच्चियों को किया गया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। नवरात्रि के पावन अवसर पर नवरात्रि के चतुर्थ दिवस बेटियों को देवी स्वरूपा मानकर कन्या पूजन के माध्यम से समाज में उनके प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का यह सर्वोत्तम समय है। नगरपालिका कम्यूनिटी हॉल में मिशन शक्ति 05 बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी के आदेशानुसार व जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बच्चियों को माता की चुनरी पहना कर फूल माला के साथ बेबी किट वितरित की गई। बच्चियों के माता व पिता को कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित होने के लिए जनसेवा पर आवेदन करने हेतु प्रेरित किया गया। महिला कल्याण विभाग व शासन द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओ के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। वन स्टॉप सेंटर के बारे में व समस्त टोल फ्री नंबर 181, 112, 1098, 1090, 108, 1076 के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना विभाग में उत्कृष्ट कार्य कर रही आशा देवी, सीमा राय, सुशीला, आराधना, सरिता, सुशीला, कुसुम, सावित्री, जिज्ञासा, बिंदु आदि आंगनवाड़ी कार्यकत्री को बाल विकास परियोजना अधिकारी राधेश्याम पाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ श्वेता त्रिपाठी व जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी राधेश्याम पाल, जिला मिशन समन्वयक श्रीमती अर्चना राय, जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीमती राखी राय व श्रीमती तृप्ति राय, चाइल्ड हेल्प लाइन से सुपरवाइजर रीतेश चौरसिया, रमाकांत, अनुज, मुख्य सेविका श्वेता सिंह, किरन देवी शहर व आशा सिंह, विभा श्रीवास्तव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सावित्री देवी, आशा पांडेय, सुशीला देवी, कुसुम यादव, विन्दु देवी, सीमा राय, अराधना, सुशीला, सरिता, पूनम, विंदु, तहसीना, गुलफेशन,और आशा बहुएं, धातृ माताएं तथा बच्चियां उपस्थित रही।




# भाजपा की बहुप्रतीक्षित जिला कार्यसमिति घोषित

## - उत्तम सक्सेना को मिली जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी
## - कार्यसमिति में 25 पदाधिकारी व 64 सदस्यों को मिली जगह

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। भारतीय जानता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महामंत्री संगठन की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत द्वारा जिला कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है। जिसमे 25 पदाधिकारियों व 64 सदस्यों को जगह दी गई है। पार्टी ने इस सूची के जरिये चारों विधानसभाओ में जातीय समीकरणों को साधने का पूरा प्रयास किया गया है। कमेटी में महिलाओ को भी स्थान देकर महिला समीकरण बनाने का प्रयास किया गया है लेकिन इस बार संगठन की कमान नए चेहरो के हाथ में दी गई है। कार्यसमिति के पदाधिकारियों में आठ उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री, आठ मंत्री, एक कोषाध्यक्ष, एक कार्यालय मंत्री, एक मीडिया प्रभारी, एक सोशल मीडिया संयोजक एवं एक आईटी संयोजक को जगह दी गई है। उपाध्यक्ष पद पर वंदना गुप्ता, राज भवन उपाध्याय, पंकज रायकवार, देशराज सिंह, रमेश चंद्र पांडेय, अमित सेठ भोलू, अर्जुन प्रकाश गुप्ता, आनंद कुमार साहू को मनोनीत किया गया है। जिला महामंत्री पद की जिम्मेदारी ममता मिश्रा, निखिल सक्सेना, सुधीर कुशवाहा को सौपी गई है। जिला मंत्री पद पर राजर्षि शुक्ला, विष्णु प्रताप सिंह, श्याम बाबू पाल, देवेंद्र सिंह भदौरिया, निर्मला गौतम, दुर्गा प्रसाद चौरसिया, रूपा चौहान व संतोष नायक रखे गए है। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संतोष गुप्ता संतू व जिला कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी दिलीप तिवारी को सौपी गई है। इसी प्रकार जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व उत्तम सक्सेना को सौपा गया है। जिला सोशल मीडिया संयोजक में रमन सिंह व जिला आईटी संयोजक में दीपक राजपूत रखे गए है। सूची जारी होते ही पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हो गया। इसी क्रम के भाजपा जिला कार्यालय में जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना को भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने माला पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस अपेक्षा के साथ उनको जिम्मेदारी सौपी है उसका वे कर्तव्य निष्ठा व ईमानदारी से पालन करेंगे। ज्ञात हो कि उत्तम सक्सेना जिला उपाध्यक्ष सहित अन्य विभिन्य दायित्वों में रहकर कई वर्षों से पार्टी का कार्य कर रहे है उनकी कर्तवनिष्ठा व ईमानदारी को देखते हुए पार्टी ने पुनः जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व सौपा है।



# खेत में बकरी चरा रही वृद्धा को हाथी ने कुचला, फैली दहशत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य क्षेत्र से सटे गांवों में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा और दिल दहला देने वाली घटना भवानीपुर गांव की है, जहां एक टस्कर हाथी ने खेत में बकरी चरा रही 80 वर्षीय वृद्ध महिला को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भवानीपुर निवासी कुवारिया (80), पत्नी इतवारी, गुरुवार सुबह करीब 10 बजे गांव के पास जंगल किनारे खेत में बकरियां चरा रही थीं। इसी दौरान अचानक दांत वाला जंगली हाथी वहां आ धमका। महिला कुछ समझ पातीं, इससे पहले ही हाथी ने उन्हें दौड़ा लिया और पकड़कर पैरों तले रौंद दिया। हमले में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के समय आसपास मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचाकर हाका लगाया, जिसके बाद हाथी जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीण जब मौके पर पहुंचे तो महिला का शव क्षत–विक्षत अवस्था में खेत के पास पड़ा मिला। शरीर, खासकर चेहरे और सीने पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए, जिससे हाथी के हमले की पुष्टि हुई। सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, जबकि पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हादसे के बाद मृतका के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि मोतीपुर क्षेत्र में हाथियों की लगातार आवाजाही से जनजीवन खतरे में है। लोगों ने वन विभाग से नियमित गश्त, निगरानी बढ़ाने और हाथियों को आबादी से दूर रखने के ठोस इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# रिमझिम बारिश के बीच अदा हुई ईद-उल-फित्र की नमाज

## - अमन-चैन की मांगी गई दुआएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कस्बा नानपारा रुपईडीहा बाबागंज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को रिमझिम बारिश के बीच मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पूरे अकीदत के साथ ईद–उल–फित्र की नमाज अदा की। नमाज के दौरान देश में अमन, शांति और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। हजरत बाबा मासूम अली शाह वारसी की दरगाह की जामा मस्जिद में ईद की नमाज हाफिज इरफान खान ने अदा काराई, सुजौली के मस्जिद में हाफिज अहमद हुसैन ने नमाज अदा कराई। बाबागंज स्थित मदीना जामा मस्जिद में हाफिज अब्दुल अलीम ने नमाज अदा कराई। वहीं नूरी जामा मस्जिद मस्जिद में कारी कमरुद्दीन तथा पुरानी बाजार में हाफिज अनीस ने ईद की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद लोगों ने एक–दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। क्षेत्र के चप्पे–चप्पे पर पुलिस बल मुस्तैद रहा। साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक रणजीत यादव मैं पुलिस बल के हजरत बाबा मासूम अली शाह वारसी दरगाह की जामा मस्जिद बाबा कुटी पर मौजूद रहे। पुलिस चौकी प्रभारी बाबागंज शिवेश शुक्ला एवं प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश सिंह रावत अपने दलबल के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। त्योहार को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।





# राजेश कुमार बने तहसील अध्यक्ष कैसरगंज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। सर्वजन आम पार्टी द्वारा संगठन विस्तार के तहत एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए राजेश कुमार कनोजिया को तहसील कैसरगंज का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री उपेंद्र कुमार के निर्देशानुसार किया गया। जिला अध्यक्ष एडवोकेट राहुल कुमार ने मनोनयन पत्र जारी करते हुए विश्वास जताया कि राजेश कुमार कनोजिया पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने के साथ–साथ संगठन को और अधिक मजबूती एवं गतिशीलता प्रदान करेंगे। नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष राजेश कुमार कनोजिया का स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी और संगठन को मजबूत बनाने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पार्टी पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में कैसरगंज क्षेत्र में पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी और जनसंपर्क अभियान को गति मिलेगी।

# शिया वर्ग ने सादगी के साथ अदा की ईद की नमाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। रमजानउल मुबारक के मुकद्दस महीने में जहां रोजे मुकम्मल होने के बाद आने वाली ईद की सुबह, नए कपड़ों और घरों में पकवानों के साथ शुरू होती थी वहीं इस बार शिया वर्ग के लोगों में ईद का अलग ही माहौल देखने को मिला। वजह साफ है कि बीते दिनों



इसराइल और अमेरिका द्वारा ईरान पर कायराना आतंकी हमलों में शहीद सुप्रीम लीडर सैय्यद अयातुल्लाह अली खामेनेई की याद में और हमले में मारे गए बेकुसूर मासूम स्कूली बच्चों को श्रद्धांजलि देते हुए इस बार ईद उल फित्र का त्योहार बहुत ही सादगी से मनाया गया। लोगों ने ईद की नमाज मुख्य रूप से ऐतिहासिक असिफी मस्जिद में,अपने अपने बाजूओं पर काली पट्टी बांधकर अदा की। नमाज के बाद दुनिया में अमन चैन बकरार रहने की दुआएं भी मांगी गयीं।

# एक दिन, एक साथ हर पानी की बूंद के नाम

## - नवाब टैंक में विश्व जल दिवस स्वच्छता अभियान एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। विश्व जल दिवस के अवसर पर इंस्टीट्यूट फॉर वाटर एंड क्लाइमेट इनिशिएटिव्स द्वारा नवाब टैंक में प्रातः 6.30 बजे से 10.30 बजे तक स्वच्छता अभियान तथा जल और लैंगिक समानता विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय जल स्रोतों की स्वच्छता को बढ़ावा देना, जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा जल संकट का महिलाओं और लड़कियों पर पड़ने वाले असमान प्रभाव को उजागर करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया और स्वच्छता अभियान में सक्रिय योगदान देकर सामुदायिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के जरिए यह दर्शाया कि पानी तक असमान पहुंच किस प्रकार महिलाओं और लड़कियों के जीवन, स्वास्थ्य और अवसरों को प्रभावित करती है। इस प्रतियोगिता ने जल एवं लैंगिक समानता जैसे महत्वपूर्ण विषय पर संवाद और जागरूकता को बढ़ावा दिया। प्रथम पुरस्कार आस्था गुप्ता, द्वितीय पुरस्कार मयंक कुमार को मिला। निर्णायक मंडल में दीपाली ओमर एवं अंजू दमेले रहीं। कार्यक्रम के दौरान आशा कुटार द्वारा कठपुतली शो भी प्रस्तुत किया गया। जिसने जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश प्रभावी रूप से सभी तक पहुँचाया। इस पहल को और सशक्त बनाने में कुमार कृतिक, रमेश पाल, रोहित, प्रीति साहू, राकेश, शुभम, नैन्सी, नवल, सदाशिव, दिनेश, ओम, अनामिका, अरुण एवं रत्नेश सहित अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भागीदारी रही, जिनके सामूहिक प्रयास और सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। आईडब्ल्यूसीआई की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशांसा गुप्ता ने कहा कि यह केवल एक शुरुआत है। हमें अपने अंदर नागरिक जिम्मेदारी विकसित करने की आवश्यकता है, ताकि हम अपने जल स्रोतों को गंदा न करें। यह केवल एक दिन का प्रयास नहीं है। हमें नियमित रूप से अपने जल स्रोतों की सफाई करनी होगी। यह हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। आईडब्ल्यूसीआई का मानना है कि जल स्रोत केवल संसाधन नहीं, बल्कि समुदाय की जीवनरेखा हैं, जिनकी सुरक्षा और संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।



# थारु बस्ती में विकसित होगी स्वास्थ्य सुरक्षा : डॉ संजय

## - शारदा नारायण ने लगाया निःशुल्क शिविर, 86 की हुई जांच

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जनजाति थारु बस्ती के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता के साथ उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर भी शारदा नारायण हास्पिटल प्रतिबद्ध है। पूरी बस्ती का सर्वे करने के उपरांत सबके आधार एवं राशन कार्ड के साथ आयुष्मान कार्ड की जांच की जाएगी। योजना से वंचित लोगों को सुविधाओं का लाभ प्रदान किए जाने को लेकर संबंधित कार्य कराये जाएंगे। विकास के कोसों दूर थारु बस्ती में पूर्ण स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जाएगी। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ संजय सिंह ने रविवार को थारु बस्ती में शारदा नारायण हास्पिटल के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में ये बातें कही। रिसर्च सोसाइटी फार द स्टडी ऑफ डायबिटिज इन इंडिया यूपी चेप्टर व सेवा भारती ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण में सक्रिय प्रतिभाग किया। शिविर में 89 लोगों की आंख, ब्लड–प्रेशर एवं शुगर की जांचकर दवाओं का वितरण किया गया।

# अंतर्जनपदीय पुलिस बास्केटबाल, हैंडबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

## – प्रयागराज जोन के सात जिलों की टीमें प्रतियोगिता में कर रही प्रतिभाग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस लाइन में 29वीं प्रयागराज जोन प्रयागराज की 03 दिवसीय अन्तर्जनपदीय पुलिस बास्केटबाल, हैंडबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा खिलाड़ियों से मान प्रणाम ग्रहण करते हुए किया गया। उनके द्वारा खिलाड़ियों से पूरी खेल भावना और उत्साह एवं अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में शामिल होने की अपील की गई। 03 दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के जनपद बांदा, महोबा, चित्रकूट, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर तथा प्रतापगढ़ की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता के शुभारम्भ के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन मेविस टॉक, क्षेत्राधिकारी बबेरु सौरभ सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात प्रतिज्ञा सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय अखिलेश राजन व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बेलास यादव आदि उपस्थित रहे।



# विश्व जल दिवस पर केन नदी पर गिर रहे गदे नाले का विरोध

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। विश्व जल दिवस के अवसर पर आज गंगा समग्र कानपुर प्रांत बांदा के जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति अपनी टीम के साथ केन नदी पर गिर रहे गंदे नाले पर विशेष तौर पर निरीक्षण किया गया और इसके बाद विरोध किया गया और मांग की गई नदी पर गिर रहा है नाले तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कराया जाए और साथ में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को शुरुआत कराई जाए जो कि कई वर्षों से अधूरा बना पड़ा हुआ है और कई करोड़ रुपये उसे पर बर्बाद हो गए गंगा समग्र जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि लगातार केन नदी को लेकर कई बार विशेष मुद्दे पर चर्चा भी की गई लेकिन नदी पर किसी विभाग की नजर नहीं जा रही सिर्फ नदी को गंदा किया जा रहा है जो कि पीने योग्य पानी नहीं है जो की लगातार शहर में कई मोहल्लों में गंदा पानी आ रहा है जिसके वजह से घरों में लोगों के पास विभिन्न प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं आगे महेश कुमार प्रजापति ने मांग की की तत्काल प्रभाव से नदी पर गिर रहे दोनों नालों को रोकना चाहिए और एस टी पी का निर्माण करके शुद्ध जल नदी में गिराया जाए और अपशिष्ट पदार्थ को रोका जाए नदी में जाने पर वर्तमान समय पर नदी पर इतनी ज्यादा पॉलिथीन इकट्ठा हो चुकी है नदी में सिर्फ पॉलिथीन ही नजर आ रही है और पानी काला और सफेद हो चुका है इस दौरान नदी में आसपास के क्षेत्र के लोग काफी लोगों को इकट्ठा रहें और उन्होंने अपने जीवन से नदी को जोड़ने का अनुभव बताया कि हम लोग बचपन से ही नदी से जुड़े हुए हैं लेकिन आज वर्तमान समय में नदी की हालत जर्जर हो चुकी है।




# शहीद दिवस पदयात्रा मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। उप निदेशक मेरा युवा भारत राशि मिश्रा ने बताया कि शहीद दिवस 23 मार्च के अवसर पर डल ठींतंज द्वारा पूरे देश में जिला स्तर पर पदयात्राओं का आयोजन किया जाएगा, ताकि युवा स्वतंत्रता सेनानियों जैसे भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि दी जा सके। यह पदयात्रा "मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी" थीम के अंतर्गत आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य केवल याद करने तक सीमित न रहकर युवाओं को राष्ट्र निर्माण, नागरिक जिम्मेदारी और सामुदायिक विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। जिले में कम से कम 500 युवा स्वयंसेवकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे एकता, देशभक्ति और जिम्मेदार नागरिकता का संदेश मजबूत होगा। डल ठींतंज पोर्टल पर अनसुने नायकों और स्वतंत्रता सेनानियों पर ऑनलाइन क्विज "एक युवा ऐसा भी" विषय पर रील प्रतियोगिता, स्वच्छता अभियान सड़क सुरक्षा जागरूकता श्रमदान गतिविधियाँ की जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करके होगी, जिसके बाद एक संक्षिप्त स्मरण भाषण दिया जाएगा। पदयात्रा लगभग 2 से 4 किलोमीटर की होगी "मेरा भारत, मेरी जिम्मेदारी"युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक सामाजिक कार्यों में लगाना, डल ठींतंज के तहत स्वयंसेवा को मजबूत करना है सभी नागरिकों, युवा संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और समाज के विभिन्न वर्गों से अपील की जाती है कि वे इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी करें और शहीद दिवस 2026 को एक सार्थक सामूहिक श्रद्धांजलि बनाएं।

# कूड़े के ढेर के बीच मनी ईद-उल-फितर व नवरात्रि

## – रुपईडीहा में सफाई व्यवस्था ठप

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत–नेपाल सीमा से सटे नगर पंचायत रुपईडीहा में ईद–उल–फितर और नवरात्रि का पर्व गंदगी के बीच मनाया गया। नगर में पिछले करीब 15 दिनों से सफाई व्यवस्था ठप है, जिससे हर ओर कूड़े के ढेर लगे हैं। बताया जा रहा है कि नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य और अधिशासी अधिकारी रामबदन के बीच विवाद के चलते सफाई कर्मियों ने काम बंद कर रखा है। ईद के दिन कुछ स्थानों पर आंशिक सफाई हुई, लेकिन हालात नहीं सुधरे। स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है और उन्होंने जिला प्रशासन से जल्द सफाई व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है, अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है।

# लौमर गांव में निःशुल्क विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। ग्राम लौमर में श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क विशाल नेत्र परीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जलशक्ति राज्यमंत्री मंत्री रामकेश निषाद जी के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार सुमन मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आस–पास के गांवों से आए हजारों लोगों ने भाग लिया और निःशुल्क नेत्र परीक्षण सुविधा का लाभ प्राप्त किया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों की आंखों की जांच की गई तथा आवश्यक परामर्श एवं उपचार की जानकारी भी प्रदान की गई। मंत्री जी ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और जरूरतमंद लोगों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों एवं सहयोगियों की सराहना की गई तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया गया।



# सादगी व गम में डूबा नजर आया ईद का माहौल

## – लोगों ने काली पट्टी बांधकर अदा की ईद की नमाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। ईद का माहौल इस बार सादगी और गम में डूबा नजर आया ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह सैय्यद अली खामनेई की कथित शहादत हो जाने पर लखनऊ में मुस्लिम समुदाय में शोक की लहर देखी गई। शहर की कई मस्जिदों खासकर आसिफ मस्जिद समेत अन्य इबादतगाहों में लोगों ने काली पट्टी बांधकर ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने अमन भाईचारे और दुनिया में शांति के लिए दुआएं मांगीं। लखनऊ पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए थे ताकि त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। लोगों का कहना है कि इसराइल और अमेरिका के खात्मे के बाद ईद मनायी जाएगी।



# परशुराम सेवा समिति की बैठक 29 को



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। परशुराम सेवा समिति उ.प्र. (रजि.) की एक आवश्यक बैठक 29 मार्च दिन रविवार को प्रात 10 बजे से जिलाध्यक्ष अनुपम तिवारी के आवास पर पत्ता बाग फ्रेंड्स कॉलोनी में होगी। उक्त जानकारी देते हुए परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट व प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी, जयशिव मिश्रा ने बताया कि बैठक में जिला कार्यकारिणी के गठन और 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने परशुराम सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से बैठक में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया।

# महिला हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, पति सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस द्वारा महिला की हत्या के मामले में बड़ी कार्यवाही करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरतार किया गया है। जिसमें मृतका का पति भी शामिल है। पुलिस ने घटना से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य भी बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार विनोद कुमार निवासी ग्राम कधिया थाना असोथर जनपद फतेहपुर द्वारा थाना वैदपुरा में तहरीर दी गई कि उसकी बहन सोमवती की शादी लगभग 10 वर्ष पूर्व मनोज के साथ हुई थी। आरोप है कि मनोज एवं उसके परिजनों ने शराब के नशे, में घर के बंटवारे को लेकर विवाद के दौरान, सोमवती की हत्या कर दी। साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को लटका दिया। साथ ही वादी के भांजे को धमकी भी दी गई। इस संबंध में थाना वैदपुरा पर मुकदमा संख्या 21/2026, धारा, 238, 103(1), 351(2), 3(5), बीएनएस के तहत अभियोग पंजी.त किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत, थाना वैदपुरा पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए आपराधिक सूचना के आधार पर तीनों अभियुक्तों को नगला झम्मन नहर पटरी की ओर जाने वाले मार्ग पर रेलवे लाइन अंडरपास के पास से गिरतार किया गया। गिरतार अभियुक्त मनोज, निवासी ग्राम उदयनगर थाना वैदपुरा लगभग 40 वर्ष, शिवेन्द्र उर्फ सिंकू निवासी ग्राम उदयनगर थाना वैदपुरा, पवनेश निवासी ग्राम उदयनगर थाना वैदपुरा हैं। पुलिस, द्वारा मृतका का की–पैड मोबाइल, एक गमछा, तथा टूटी हुई चूड़ियां, एवं कड़े के टुकड़े बरामद किए गए हैं। अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। मामले की जांच जारी है।




# मिशन शक्ति टीम ने भटकी महिला को परिजनों से मिलाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के 19 मार्च से शुरू हुए द्वितीय चरण के तहत सक्रिय टीम ने शनिवार को सराहनीय कार्य करते हुए एक भटकी महिला को सकुशल उसके परिजनों से मिलाया। उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम नगर के केला देवी मंदिर पर तैनात थी, तभी वहां एक महिला बदहवास हालत में इधर–उधर भटकती हुई मिली। महिला की मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह कुछ भी स्पष्ट रूप से बताने में असमर्थ थी। टीम महिला को थाने लेकर आई, जहां मिशन शक्ति में तैनात महिला आरक्षी रश्मि और सुरेखा ने उसकी काउंसिलिंग की। कुछ समय बाद महिला की स्थिति में सुधार हुआ, तब उसने अपना नाम मधुबाला पत्नी अहिवरन सिंह निवासी ग्राम विरुहुनि, थाना अजीतमल, जनपद औरैया बताया। इसके बाद उपनिरीक्षक ने अजीतमल पुलिस से संपर्क किया। सूचना मिलते ही महिला का पुत्र अंशुल थाने पहुंच गया। आवश्यक पुष्टि के बाद मिशन शक्ति टीम ने महिला को उसके पुत्र के सुपुर्द कर दिया। पुत्र ने बताया कि उसकी मां मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं और अक्सर बिना बताए घर से चली जाती हैं।




# राजकमल पुनः बने भाजपा जिला मंत्री, कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी में बड़ी घोषणा के साथ राजकमल यादव को पुनः जिला मंत्री नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष की संस्तुति के बाद 28 सदस्यीय नई कार्यकारिणी की घोषणा की। पुनर्नियुक्ति की खबर आते ही पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। राजकमल यादव के नेतृत्व में पार्टी के संगठनात्मक कामों और जनसमस्याओं के समाधान को और मजबूत बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए आगामी कार्यकाल में सफलता की कामना की। राजकमल यादव ने कहा कि वे सभी सदस्यों के सहयोग से जिले में पार्टी की गतिविधियों को और प्रभावी बनाने का प्रयास करेंगे।



# सांप के डसने से दुधारू गाय की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई। क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां जहरीले सांप के डंसने से एक दुधारू गाय की मौत हो गई। घटना के बाद पशु पालक में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान नेता भानु प्रताप सिंह निवासी सेवराई के तबेले में अचानक एक विषैला सांप घुस आया और वहां बंधी गाय को डंस लिया। सांप के काटने के कुछ ही देर बाद गाय की हालत बिगड़ने लगी। उसका पेट तेजी से फूल गया और मुंह से झाग निकलने लगा। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह के समय भानु प्रताप सिंह गाय को चारा खिलाकर उसका दूध डेयरी पर देने गए थे। जब वह वापस लौटे तो गाय की हालत गंभीर देख घबरा गए। आनन–फानन में पशु का उपचार कराने की कोशिश की गई, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और अंततः गाय ने दम तोड़ दिया। इसी दौरान कुछ देर बाद तबेले से एक जहरीला सांप बाहर निकलता हुआ दिखाई दिया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि गाय की मौत सांप के डंसने से हुई है। इस घटना से पशुपालकों में भय का माहौल है। पशु पालक भानु प्रताप सिंह ने मामले में क्षेत्रीय हल्का लेखपाल एवं पशु चिकित्साधिकारी को घटना की जानकारी देते हुए मुआवजे की मांग की है।

# खुशनुमा माहौल में अदा हुई ईद की नमाज, गूंजे अमन-चैन के पैगाम

## - शहर में भाईचारे की मिसाल, सामाजिक संगठनों ने दी ईद की बधाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ईद–उल–फितर का पर्व शहर में हर्षोल्लास एवं खुशनुमा माहौल के साथ मनाया गया। हजारों मुस्लिम भाइयों ने ईदगाह, सहित शहर की विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा कर एक–दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। देश में अमन–चौन, और भाईचारे की दुआ मांगी। सुन्नी समाज की ईदगाह में ईद, की नमाज दो शिटों में अदा की गई। पहली शिट में मौलाना कमालुद्दीन अशरफी, दूसरी शिट में फरहान बरकाती ने नमाज अदा कराई। दोनों ही शिटों में ईदगाह, खचाखच भरी नजर आई। जहां हजारों नमाजियों ने नमाज अदा की। ईदगाह में अधिक भीड़, होने पर ईद कमेटी द्वारा नमाजियों को शहर की अन्य मस्जिदों में भी भेजा गया। जहां शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई। इस दौरान ईद कमेटी के पदाधिकारियों का सराहनीय योगदान रहा। नमाज के बाद लोगों ने एक–दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। पुलिस प्रशासन द्वारा नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ईद के अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों के लोग भी सक्रिय नजर आए। जिन्होंने नमाज के बाद लोगों से मिलकर उन्हें बधाई दी तथा भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित कई संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, उपस्थित रहे। वहीं विभिन्न स्थानों पर नमाजियों के लिए पानी एवं मीठे शरबत की व्यवस्था भी की गई। सराय भूपत कटेखेड़ा के प्रधान पति रमेश यादव ने क्षेत्रवासियों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए, हिंदू–मुस्लिम एकता का संदेश दिया। नमाज के बाद लोग एक–दूसरे के घर जाकर, मीठी सेवइयों का आनंद लेते हुए ईद की खुशियां साझा करते नजर आए।



# लोक समिति संस्था ने मनाया होली व ईद मिलन समारोह

## - शराबबंदी व जन जागरण अभियान पर हुई चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। लोक समिति संस्था के तत्वावधान में जैन बाजार स्थित रामचरित्र मिश्रा के आवास पर होली एवं ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक सद्भाव एवं जन जागरण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुल्तान सिंह ने की जबकि संचालन नासवी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इरशाद अहमद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने समाज में भाईचारा, सहयोग एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर शराबबंदी आंदोलन एवं जन जागरण अभियान को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। समाज में जागरूकता फैलाने पर बल दिया गया। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं संस्था के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिनमें हरदयाल पाल, सुरेश चंद्र गुप्ता, विनीता जादौन, .ष्ण मुरारी मिश्रा, प्रेमलता मिश्रा, सुलेखा मिश्रा, मुकेश कुमार, नितिन कुमार, सुमन मिश्रा, अर्चना मिश्रा, मजहरुद्दीन फारूखी, एवं इकबाल कुरैशी, शामिल रहे। कार्यक्रम, का मुख्य उद्देश्य, हिंदू, एवं मुस्लिम समुदायों, के बीच भाईचारा, एवं सामाजिक एकता, को बढ़ावा देना रहा, कार्यक्रम, के अंत, में सभी उपस्थित लोगों, ने रंगों, एवं मिठाइयों, के साथ होली, और ईद, की खुशियां साझा कीं।



# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थाना में जागरूकता कार्यक्रम

## - हेल्पलाइन नंबरों व साइबर सुरक्षा के प्रति महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस (महिला थाना) द्वारा महिला थाना परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन, के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं अन्य आगंतुकों को महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी अवगत कराया गया। बताया गया कि पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा, 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन, 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन, 1098, महिला हेल्पलाइन, 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1076, एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 का आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उपयोग किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त टीम द्वारा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि किसी भी अंजान व्यक्ति, के साथ अपना ओटीपी साझा न करें एवं किसी संदिग्ध या अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें। साथ ही ऑनलाइन लेन–देन, एवं सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान सतर्कता बरतने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट, वितरित कर उन्हें सुरक्षा उपायों के प्रति विस्तार से अवगत कराया गया। पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता हेतु निरंतर अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है।



# मिशन शक्ति के तहत कृपालपुरा में चौपाल, महिलाओं को किया जागरूक

## - हेल्पलाइन नंबर, साइबर सुरक्षा व सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस द्वारा थाना ऊसराहार क्षेत्र के ग्राम .पालपुरा में चौपाल आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, अधिकारों एवं सहायता के उपलब्ध साधनों की जानकारी सरल एवं प्रभावी ढंग से दी गई। चौपाल के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उन्हें उनकी सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई जिनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन, 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1076 एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। साइबर सुरक्षा के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जिसमें बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति पर तुरंत भरोसा न करें। ओटीपी, बैंक खाता या यूपीआई पिन किसी से साझा न करें। संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें, एवं किसी भी लालच भरे संदेशों से दूर रहें। ऑनलाइन खरीद–फरोख्त के दौरान सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। इसके अतिरिक्त महिलाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। जिनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनाना, उन्हें सुरक्षा के प्रति सजग करना रहा।




# विश्व वानिकी दिवस पर गोष्ठी आयोजित, वनों के संरक्षण पर जोर

## - जायंट्स ग्रुप सहेली ने जनजागरूकता का दिया संदेश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली की ओर से वनों के संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वनों के महत्व एवं संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की गई। ज्ञात हो कि वर्ष 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस के रूप में घोषित किया गया था। जिसका उद्देश्य वनों के महत्व, पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिका एवं जैव विविधता के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना है। गोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने बताया कि वन, हमें ऑक्सीजन, भोजन, पानी, एवं आवास, प्रदान करते हैं। साथ ही जलवायु परिवर्तन, के खिलाफ एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करते हैं इसलिए वनों का संरक्षण, अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सदस्यों ने अपने–अपने विचार, रखते हुए वनों को बचाने के उपायों पर प्रकाश डाला। आमजन को इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन अलका अग्रवाल के आवास पर किया गया। जिसमें संगीता अग्रवाल, क्षमा दीक्षित, विमल शर्मा, रीना राठौर, प्रतिभा सिंह, मीनाक्षी सक्सेना, नीलम सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# अखंड ज्योति गंगा चरण पादुका यात्रा का स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। गंगोत्री से गंगासागर तक जा रही अखंड ज्योति गंगा की चरण पादुका यात्रा में का स्वागत बड़ा मठ डलमऊ में पं शुभम गौड़ अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर पंचायत डलमऊ एवं अध्यक्ष भारत विकास परिषद डलमऊ, स्वामी श्री दिव्यानंद जी महाराज, माधवेंद्र मिश्रा, प्रभात द्विवेदी, भोले पाठक, परमानंद त्रिपाठी, शुभम दुबे,चुन्नू मिश्रा, सावन तिवारी सहित अन्य लोगों ने यात्रा का स्वागत अभिनंदन किया एवं आगे की यात्रा सकुशल संपन्न होने के मां गंगा से प्रार्थना की।

# राज्यपाल संतोष गंगवार ने लखना कालिका मंदिर में किए दर्शन

## - हेरिटेज गार्डन का शुभारंभ, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार रविवार को नगर लखना पहुंचे। जहां उन्होंने ऐतिहासिक कालिका मंदिर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर दर्शन एवं पूजा–अर्चना की। इसके पश्चात वह लखना स्थित रविशंकर शुक्ला के छोटे हाता में बने महालक्ष्मी महल पहुंचे। जहां उन्होंने हेरिटेज गार्डन के शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर हेरिटेज गार्डन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर भोजन भी ग्रहण किया। इस अवसर पर सदर विधायक सरिता भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के दूसरे चरण का आयोजन शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। गांव गांव जाके मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के दूसरे चरण का आयोजन शुरू किया गया। यह अभियान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मोबाइल वैन, स्टाल और चौपालों के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा। शनिवार को डलमऊ थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे बघेलन मजरे नेवाजगंज में महिला उपनिरीक्षक दीपांशी चौहान, महिला आरक्षी नेहा, आरक्षी अमरजीत, आरक्षी आकाश ने यह जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इनमें महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन पुलिस नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, सीएम हेल्पलाइन 1076, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 शामिल थे। यह अभियान विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में घर–घर पहुंचा जा रहा है। अभियान के तहत महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने और उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान लड़कियों को मोबाइल या सोशल मीडिया के माध्यम से परेशान करने, अश्लील मैसेज भेजने जैसी शिकायतों के संबंध में विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी प्रदान की गई। महिलाओं के साथ मारपीट और लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव के तरीकों पर भी प्रकाश डाला गया। उन्हें आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया गया और उनकी समस्याएं सुनी गईं।






## अनुशासनहीनता में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष समेत तीन को नोटिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कांग्रेस पार्टी की गतिविधियों में अनुशासनहीनता को लेकर प्रदेश अनुशासन समिति ने पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह चौहान, पूर्व प्रत्याशी हुसैनगंज विधानसभा शिवाकांत तिवारी व पूर्व प्रत्याशी खागा विधानसभा ओम प्रकाश गिहार को कारण बताओ नोटिस जारी की है। नोटिस में अपना पक्ष रखने के लिए सात दिन का समय दिया गया है। नोटिस के बाबत बात करने पर जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि कांग्रेस एक अनुशासित एवं सैद्धांतिक पार्टी है। जिसमें राहुल गांधी का सख्त निर्देश है कि संगठन की उपेक्षा व अनुशासनहीनता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी के चलते प्रदेश नेतृत्व द्वारा किन्हीं कारणों से उक्त तीनों लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है जिसकी जानकारी उन्हें प्रदेश द्वारा दी गई है।

## नलकूपों के विद्युत कनेक्शन में बढ़ाई गई धनराशि का विरोध

### – भाकियू अराजनैतिक ने किसान हित में वापस किए जाने की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक में प्रदेष सरकार द्वारा नलकूपों के विद्युत कनेक्षन में बढ़ाई गई धनराषि का विरोध किया गया। किसान नेताओं ने किसान हित में इसे वापस किए जाने की मांग उठाई। नहर कालोनी के निरीक्षण भवन में आयोजित मासिक बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम ने की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि किसानों के नलकूपों में प्रदेष सरकार द्वारा विद्युत कनेक्षन में जमा होने वाली धनराषि को पचास प्रतिषत तक बढ़ा दिया है। जिसे किसान हित में वापस किया जाए। प्रदेष सरकार व विद्युत विभाग द्वारा नए कृशि फीडर बनाए जा रहे हैं। जिससे किसानों के नलकूपों को सुबह छह बजे से षाम चार बजे तक दस घंटे बिजली दी जा रही है। ज्यादातर किसान परिवार सहित चौबीस घंटे नलकूप पर ही रहते हैं इसलिए रात्रि में रोषनी एवं जंगली जानवरों, चोरों से बचाव हेतु रात्रि में एक फेज में बिजली दी जाना जरूरी है। बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए गांव–गांव किसान पंचायत करने का भी निर्णय लिया गया। इस मौके पर प्रीतम सिंह चंदेल, छोटे सिंह, दीपक गुप्ता, महेन्द्र भदौरिया, अजय प्रजापति, सोनू सिंह, उमेष परमार, सोनू सिंह, संजय तिवारी, गुलाब सिंह यादव, रवि मौर्य, अजय सिंह, दिनेष सिंह, मो0 तारिक, रज्जन चौहान, रामआधार, रजत मिश्रा, प्रमोद, दीपेष सिंह, बबलू सिंह, कामता सिंह, रामसनेही निशाद, संतू निशाद, वीरेन्द्र यादव, भगवानदीन भी मौजूद रहे।

## चलते ट्रैक्टर से गिरकर युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फ़तेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के नागा बाबा कुटी के समीप ट्रैक्टर पर सवार युवक चलते ट्रैक्टर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के कमासिन थाना क्षेत्र के कठार गांव निवासी भान प्रताप सिंह का 28 वर्षीय पुत्र जुगराज सिंह अपने ट्रैक्टर ड्राइवर के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर किशनपुर थाना क्षेत्र से ईंट भट्ठे से ईंट लेने आया था। जब वह ट्रैक्टर पर ईट लेकर वापस लौट रहा था तभी चलते ट्रैक्टर से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए हरदो सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

## कुत्ते से टकराकर बाइक सवार जख्मी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के बडनपुर गाँव के चौराहे के समीप अचानक सामने आए कुत्ते से टकराकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के गम्भरी गांव निवासी बुधराज का 35 वर्षीय पुत्र रामू बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब उसकी बाइक राधानगर थाना क्षेत्र के बडनपुर चौराहे के समीप पहुंची। तभी अचानक बाइक के सामने कुत्ता आ गया जिससे बाइक सवार टकराकर रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानियो ने फोन कर घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दिया। एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

## ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 पर बाईपास पर स्थित पोस्टमार्टम हाउस के समीप ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के नउवाबाग निवासी शिवबकुमार पांडे का 50 वर्षीय पुत्र प्रभात कुमार पांडे जो बिजलीं विभाग में स्मार्ट मीटर लगाने का काम करता है। बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब उसकी बाइक कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 पर बाईपास पर स्थित पोस्टमार्टम हाउस के समीप पहुंची। तभी तेज रतार ट्रक बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक चालक रोड पर गिर कर घायल हो गया। फोन कर घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी गई, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे थे। तभी परिजन उसको रेफर करवा कर शहर के किसी प्राइवेट हॉस्पिटल इलाज कराने लेकर चले गए।

# कल के लिए आज जल की एक-एक बूंद बचाएं

### - रेडक्रास सोसाइटी ने चलाया जल संरक्षण जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विश्व जल दिवस पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में चेयरमैन व प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में जल संरक्षण जागरूकता अभियान चौक स्टेशन रोड क्षेत्र के व्यापारियों के मध्य चलाया गया। डॉ अनुराग ने सभी दुकानदारों को जल संरक्षण जागरूकता निवेदन पत्रक देकर निवेदन किया कि कल के लिये आज जल की एक एक बूंद बचाएं क्योंकि पूरे विष्व में पीने का पानी सिर्फ एक प्रतिशत है जिसका एक चौथाई ही हमारे पास है जिसे हम सबको सहेजना है जिससे आने वाली पीढ़ी जल की कमी से न जूझे। हममें से बहुत से लोग पीने के पानी को सडकों को सींचने, नालियों को धुलने इत्यादि में लाखों लीटर प्रतिदिन बर्बाद कर देते हैं। हम सबको मिलकर उन सभी भाई बहनों को समझाना होगा। साथ



ही वर्षा के जल का भी संचयन करना होगा तब कहीं जाकर हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए जल बचा पाएंगे। कई छोटे प्रयास जैसे आरओ जब एक भाग पानी फ़िल्टर करता है तो दस भाग पानी व्यर्थ सिंक से बहकर चला जाता है। उस पानी को पाइप द्वारा एकत्र कर हम कई कार्यों में ले सकते हैं। इस हेतु हम सभी को आरओ वाटर संचालकों को समझाना बहुत आवश्यक होगा क्योंकि ये लोग जितना पानी भूगर्भ से निकालते हैं फ़िल्टर करते हैं फिर वेस्ट पानी को वापस रिचार्ज करने के लिये भूगर्भ में नही वापस भेजते बल्कि नालियों के माध्यम से लाखों लीटर पानी नाली से बहाते हैं जबकि यह कानूनन भी जुर्म है। साथ ही गाड़ी धुलाई संचालक भी यही गलती करते हैं। कई बार मोटर से पानी भरते समय हम यह जान नहीं पाते कि टंकी भर गई है और पानी काफी समय तक व्यर्थ बहता रहता है इसके लिए वाटर बेल लगवाए जो बाजार में 150 रुपये तक में मिल जाती है। पानी भरने पर बेल आवाज करने लगेगी जिससे व्यर्थ पानी नही बहेगा। आइए आज विष्व भूगर्भ जल संरक्षण दिवस पर संकल्प लेते हैं कि न व्यर्थ जल बहाएंगे न बहाने देंगे व भूगर्भ जल को संरक्षित करेंगें। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी एनजीओ प्रकोष्ठ प्रमुख सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, मेडिकल प्रकोष्ठ सहसंयोजक केके सिंह, आजीवन सदस्य अभिनव श्रीवास्तव, रजत श्रीवास्तव, प्रेमचंद्र मौर्य उपस्थित रहे।

# धरती की गगरी को खाली करने में जुटे पानी माफिया

### - बिना रोक-टोक लग रहे सबमर्सिबल पंप, सड़कों पर बहाया जा रहा पानी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर हो या गांव हर घर में बिना रोक–टोक सबमर्सिबल पंप लग रहे हैं। कई लोग रोज घंटों अपनी कार धोते रहते हैं, तो कहीं सड़क पर पानी ऐसे ही बहा दिया जाता है। पानी



माफिया धरती की गगरी को खाली करने में लगे हुये हैं। एक ओर पानी की बर्बादी के नजारे आम हैं, तो दूसरी ओर दूरदराज से पानी लाने का संघर्ष भी नजर आता है। नलकूप, कुएं और जलाशय सूख रहे हैं। विष्व जल संरक्षण दिवस के मौके पर फिर से सेमिनार होंगे। लोगों को पानी का महत्व याद दिलाया जाएगा। वास्तविकता यह है कि अवैध जल दोहन के खिलाफ सरकार की सख्त नीति न होने, सबमर्सिबल पंप के उपयोग पर कोई नियंत्रण नीति न बनाए जाने से अमूल्य धरोहर जल धरती के भीतर समाप्त हो रहा है। पानी के रिचार्ज होने के रास्ते दिन पर दिन बंद हो रहे हैं। गांव में तालाब और शहरों में ग्रीन बेल्ट लगातार कम होती जा रही है। जिले से कानपुर तक भूजल स्तर गिर रहा है। विशेषज्ञ डरावने वाले आंकड़े बता रहे हैं। उनका कहना है कि न केवल सरकार, बल्कि आम लोगों के लिए भी अब प्रदेश में जल संकट पर भयभीत होने वाली स्थिति पैदा हो रही है। प्रदेश में जल संकट एक गंभीर मुद्दा बनता जा रहा है। राज्य की बढ़ती जनसंख्या, औद्योगीकरण और .षि पर निर्भरता ने जल संसाधनों पर दबाव बढ़ा दिया है। प्रदेश के 900 ब्लॉक में स्थिति भयावह हो चुकी है। भूगर्भ जल के अंधाधुंध दोहन के परिणाम स्वरूप प्रदेश देश में भूजल दोहन के लिहाज से टॉप पर हैं। दूरदराज के जिले छोड़ दें, तो राजधानी लखनऊ में भूजल का दोहन तेजी से बढ़ता जा रहा है। स्थानीय निकाय निदेशालय से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश के करीब 700 स्थानीय निकायों में से 622 में आपूर्ति भूगर्भ जल के जरिये ही की जाती है।

### जिले में बिगड़ रहे हालात

युवा विकास समिति के संस्थापक और जल संरक्षण कार्यकर्ता ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रदेश स्तर पर लखनऊ की स्थिति सबसे भयावह है। यहां जल का दोहन करीब सात अरब लीटर प्रति वर्ष हो रहा है। जलकल महकमा नलकूपों से 5.6 करोड़ लीटर पानी की आपूर्ति प्रतिदिन कर रहा है। इसके अलावा बहुमंजिला भवन, होटल, अस्पताल, औद्योगिकी क्षेत्र, सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों, रेलवे और घरों में लगे करीब एक लाख सबमर्सिबल पंपों व गहरी बोरिंग से हजारों करोड़ लीटर पानी निकाला जाता है।

### भूगर्भ जलस्तर में गिरावट

केंद्रीय भूजल बोर्ड के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में भूजल स्तर में सालाना 10–20 सेंटीमीटर की गिरावट देखी जा रही है। 2017 के संसाधन मूल्यांकन में नौ जिले आगरा, अमरोहा, फिरोजाबाद, गौतम बुद्धनगर, गाजियाबाद, हापुड़, हाथरस, संभल और शामली अत्यधिक दोहन की श्रेणी में थे, जहां दोहन 100 प्रतिषत से अधिक था।

# ईदगाह समेत मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर मांगी दुआएं

### - जनपद में धूमधाम से मनाया ईदुल फित्र का पर्व
### - ईदगाह में इमाम डा. हबीबुल इस्लाम ने अदा कराई नमाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ईद–उल–फितर का त्योहार समूचे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिले की ईदगाहों सहित मस्जिदों में लाखों लोगों ने शहरकाजी व बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। इसके बाद रिश्तेदारों, दोस्तों एवं मुहल्ले पड़ोस में एक–दूसरे के घर पहुंचकर जहां लोगों ने ईद की मुबारकबाद दी वहीं विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ नमाज अदा कराई। बाद नमाज ईदगाह मैदान पर नगर पालिका के लगाए गए कैम्प में समाजवादी पार्टी के सांसद नरेश उत्तम पटेल, सदर विधायक चंद्र प्रकाष लोधी, नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार खरीददारी की और खाद्य प्रदार्थो का भी लुत्फ उठाया। नमाज के बाद एक दूसरे के घर जाने, ईद की बधाई देने और सेवईया खाने का सिलसिला शुरू हुआ। घरो में महिलाएं नये–नये प्रकार के





पेश इमामों के पीछे नमाज अदा की। बाद नमाज खुतबें में लाखों लोगो ने हांथ उठाकर मगफिरत, भारत की सलामती, दुनिया भर से आतंकवाद के खात्में, अमन चैन व खुशहाली के लिए अल्लाह पाक से दुआएं मांगी। ईदगाह व मस्जिदों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। सुरक्षा की दृश्टि से भारी पुलिस बल मौजूद रहा। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ईदगाह पहुंचे और सुरक्षा का जायजा लिया। ईदगाह के समीप लगे मेले का उठाया। रमजान के 30 रोजे के बाद षनिवार को ईद के मद्देनजर मुस्लिम बाहुल्य इलाकों की रौनक देखते ही बनी। प्रातः से ही घरों पर नहाने–धोने का सिलसिला शुरू हो गया था। जो नमाज पढ़ने से पहले तक जारी रहा। नई पोशाक धारण कर लोग अपने–अपने घरों से ईदगाह और मस्जिदों के लिए निकल पडे। प्रमुख सड़कों एवं गलियो में लोगों का हुजूम देखते ही बना। निर्धारित समय सुबह साढ़े आठ बजे नायब शहरकाजी डा. सैय्यद हबीबुल इस्लाम ने ईद की मौर्या, ईओ रविन्द्र कुमार, सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, जिला महासचिव चौधरी मंजर यार सहित अन्य लोगों ने नमाजियों से गले मिलकर ईद की बधाई दी। उधर शहर सहित जिले भर की मस्जिदों में भी पेश इमामों ने ईद की नमाज पढ़ाई। बाद नमाज खुतबे में आपसी भाईचारे, मुल्क की तरक्की व पूरे विश्व से आतंकवाद के खात्मे की दुआएं मांगी गयी। ईदगाह में विभिन्न प्रकार के खाद्य प्रदार्थो के साथ–साथ खिलौनो की दुकानें लगी रही। बच्चों ने खिलौने व गुब्बारे आदि की व्यंजन बनाकर मेहमानो के लिये सजा चुकी थी। जैसे–जैसे मेहमान आते गये व्यंजनो का लुत्फ लिया। मिलने मिलाने का और सेवईयां खाने–खिलाने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। उधर खागा, हथगाम, प्रेमनगर, बहेरासादात, शाहपुर, छिवलहा, धाता, खखरेरू, किशनपुर, थरियांव, असोथर, हस्वां, बिलन्दा, जोनिहां, जहानाबाद, चौडगरा, औंग, मलवां, अमौली, जाफरगंज, बिंदकी, बहुआ, ललौली, हुसैनगंज, खजुहा, मऊदेव आदि में भी ईद का पर्व शान्तिपूर्ण माहौल में मनाया गया।

# खड़े ट्रक से टकराया ई-रिक्शा, सवार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के लखनऊ रोड पर सातमील के समीप रोड किनारे खड़े ट्रक से अनियंत्रित रिक्शा टकरा गया। जिससे ई–रिक्शे पर सवार युवक घायल हो गया, घायल अवस्था उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के कल्लनपुर गांव निवासी रामसेवक का 40 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र हुसैनगंज थाना क्षेत्र अपनी रिष्तेदारी में आया था। वापस घर लौटते समय जब उसका ई–रिक्शा थाना क्षेत्र के लखनऊ रोड पर सातमील के समीप पहुंचा। तभी रिक्शा अनियंत्रित होकर रोड़ किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। जिससे रिश्ते पर सवाल सुरेन्द्र घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए हुसैनगंज सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

## चैत्र नवरात्र के चौथे दिन माता कूष्मांडा को लगाया भोग

### – भोर पहर से घरों व मंदिरों में गूंजती देवी मइया की जयकार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। चैत्र नवरात्र में चौथी पर रविवार को घरों से लेकर मंदिरों में कूश्मांडा माता की पूजा हुई। मां अम्बे की भक्ति भाव में



विभोर दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में जुट रही है। भोर पहर से ही मंदिरों में भक्तों का आवागमन शुरू रहा। देवी भक्त श्रद्धा अनुसार प्रसाद चढ़ाकर मां से मनवांछित फल की कामना की। घरों में भी घंटों व शंख के स्वरों से चारों तरफ का वातावरण गुंजायमान रहा। शहर के दुर्गा मंदिर समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालु सुबह शाम पहुंच रहे हैं। जहां श्रद्धालुओं ने मां की अर्चना अराधना पूरे विधि विधान के साथ की। भक्ति भाव में सराबोर भक्तों ने देवी भजन कीर्तन गाए और नृत्य किया। सभी मंदिरों में घंटों व शंख की गूंज से वातावरण भक्ति रस में सराबोर रहा। वहीं घरों एवं मंदिरों में कन्या भोज का भी आयोजन किया गया। जैसे जैसे नवरात्र के दिन आगे बढ़ रहे हैं वैसे वैसे अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का भी सिलसिला चल रहा है। कहीं अखंड पाठ तो कहीं दुर्गा चालीसा का पाठ कर देवी भक्त संकट काल से उबारते हुए दुखों से मुक्ति की प्रार्थना की जा रही है। महिला मंडली द्वारा देर शाम तक घरों में देवी गीतों को गाकर मां का खुश कर रही हैं।

### बच्चों के मुंडन और कर्ण छेदन

चैत्र नवरात्र में पूरा जिला देवी आराधना में लीन हो गया है। देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। हर कोई पूजा–अर्चना कर रहा है। मंदिरों में घंटे–घड़ियाल की ध्वनि के बीच माता को प्रसन्न किया जा रहा है। घरों में स्थापित कलश के सामने लोग सुबह–शाम दीपक जलाकर देवी के सामने शीश झुका रहे है। कोई दुर्गा सप्तशती का पाठ कर रहा है, तो कोई दुर्गा चालीसा का पाठ करा रहा है।

## भिखारीपुर चौराहा में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप

### - 450 मरीजों ने कराया पंजीकरण, मोतियाबिंद के मिले 35 मरीज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन एवं जन कल्याण महासमिति की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप इसाइन पुरवा वार्ड के भिखारीपुर चौराहा में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता विभाकर शास्त्री एवं लाल बहादुर



मेमोरियल फाउंडेशन के फाउंडर विराज शास्त्री ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कैंप में कुल पंजीकरण 450, शुगर की जांच 39, बीपी 280, एचआईवी/ वीडीआरएल 112, नेत्र जांच 186 में 35 लोगों के मोतियाबिंद निकला। जिन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। चिकित्सक टीम में डॉ राजीव शुक्ला, डॉ हिमांशु सिंह, डॉ पवन तिवारी नेत्र चिकित्सक, फार्मासिस्ट सौरभ सिंह, स्टॉफ नर्स रियांका सिंह, श्रेया सिंह, रेनू सिंह, विनीता देवी, पंजीकरण में माया देवी, सत्यदेव, अनुपम ने सभी को परामर्श, स्वास्थ्य शिक्षा देते हुए दवाएं एवं आए हुए लोगों को नाश्ता का वितरण भी किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता विभाकर शास्त्री ने कैंप की व्यवस्था एवं जनता की उपस्थिति की प्रशंसा की। समापन विभाकर शास्त्री एवं उनके सुपुत्र विराज शास्त्री द्वारा किया गया। इस मौके पर जैक्शन इंफ्रा से पुष्पराज, कंसल्टेंट निशीत कुमार, जनकल्याण महासमिति के सचिव बी०पी० पांडेय, भाजपा नेता धनंजय द्विवेदी, अमित मिश्रा नीटू एवं ईसाई पुरवा वार्ड के सभासद सुनील चंद गुप्ता, जय प्रकाश फौजी, संस्कार, केशवराम त्रिपाठी, प्रवक्ता प्रेमशंकर मिश्र, ज्ञाना पासवान, पूर्व प्रधान चुरियानी बमलहरी द्विवेदी, डॉ आदित्य पांडेय एवं व्यवस्थापक आदर्श मिश्रा, अजय सिंह चौहान सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे–2 पर इटौरा पिलखनी गांव की मोड पर तेज रतार अज्ञात वाहन अज्ञात बाइक सवार को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टर ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 2 पर इटौरा पिलखनी गांव की मोड पर लगभग 35 वर्षीय अज्ञात बाइक सवार को अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक सवार रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी स्थानीय पुलिस को हुई तो पुलिस ने फोन कर घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस यूपी–32एफजी/0637 के ईएमटी रामू व पायलेट नरेंद्र ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने घायल की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसी एंबुलेंस से कानपुर मेडिकल भेजे जाने की व्यवस्था में लग गए।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )